




## एक नजर में

### श्रम स्टार सिस्टम प्रारंभ

**राजगढ़ 19 दिसम्बर, का.** म.प्र. शासन श्रम विभाग द्वारा औद्योगित इकाईयों एवं वाणिज्यिक संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों को श्रमिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा तथा बेहतर वातारण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्रम स्टार सिस्टम शुरू किया जा रहा है. जिसमें जिले में संचालित औद्योगित इकाईयों एवं वाणिज्यिक संस्थानों हेतु भी श्रम स्टार रेटिंग प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है. यह प्रणाली श्रमिक कल्याण एवं श्रम कानूनों के पालन की सर्वोत्तम व्यवथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करती है. यह रेटिंग अधिकतम 5 स्टार को रेखांकित करती है. जहां 5 स्टार का अर्थ है कि, उस संस्थान, स्थापना या दुकान में श्रम अधिनियमों का शत-प्रतिशत उचित क्रियांवयन कर श्रमिकों के हितों की सर्वोत्तम प्रथाए प्रचलित है. 5 स्टार रेटिंग वाले औद्योगिक संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों में सुरक्षित कार्य वातारण, बेहतर वेतन एवं रोजगार सुरक्षा सुनिश्चित होती है. श्रमपदाधिकारी सौरव कुमार गुप्ता द्वारा जिले के समस्त औद्योगिक संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों सहित दुकान स्थापना और कांट्रेक्टर से अपेक्षा की है कि वे श्रम संबल पोर्टल से श्रम स्टार रेटिंग प्राप्त करें. साथ ही समस्त जनसमुदाय से आग्रह है कि आप केवल श्रम स्टार रेटिंग वाले स्थापना और संस्थानों के उपभोक्ता बने.

### मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता का ध्यान रखें

**खिलचीपुर 19 दिसम्बर, सं.** शुक्रवार को जनपद पंचायत सभा हाल में कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत राजगढ़ के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय दिशा दर्शी मध्यान भोजन अनुश्रवण समिति एवं बीपीएमयू की बैठक हुई. बैठक में एसडीएम अंकिता जैन ने की बैठक में सीईओ गोविंद सिंह सोलंकी, खाद्य आपूर्ति अधिकारी बीईओ चुन्नीलाल दांगी, बीआरसी नौशाद अली, विष्णु गुप्ता, बीएसी श्रीलाल दांगी, बीएसी प्रियंका कुसुमभिया सब इंजीनियर, मध्यान भोजन प्रभारी कुशाल सिंह दांगी समस्त जन शिक्षक लीड समिति के प्रभारी आजीविका मिशन के प्रबंधक तरुण भट्ट, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रतिभा साहू तथा खाद्य आपूर्ति अधिकारी स्वाति गुप्ता, ब्लॉक प्रभारी देवेश सक्सेना सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रह. इस दौरान एसडीएम अंकिता जैन ने कहा कि मध्यान भोजन एवं द्वद्दृ शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं हैं योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता स्वच्छता एवं अनियमितता का विशेष ध्यान रखा जाए. ब्लॉक प्रभारी देवेश सक्सेना ने बताया कि पांच घटकों शिक्षक प्रशिक्षण रीडिंग कॉर्नर गणित का कोना निपुण लक्ष्य समय सारणी तथा शिक्षक संदर्शिका पर विशेष फोकस किया जाए. मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोविंद सिंह सोलंकी ने कहा कि किचन सेट साफ सुथरा हो.


**ड्रायवर एव कर्मचारी चाहिए**

**1-ड्रायवर दवाखाने की साफ सफाई कर 9 से 7 बजे तक बैठना है. वेतन 8000 रूपए प्रतिमाह.**
**2-कर्मचारी चाहिए दूसरे दवाखाने में साफ सफाई कर बैठना है, समय 9 से 7 बजे तक, वेतन 6000 रूपए प्रतिमाह**
**-सम्पर्क करें-**
**डॉ सोनी, ब्यावरा.**
**मोबा-9981885388**


# सरपंच, नेताओं की गाड़ी पर सज रहे हूटर

## जिला इंकाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खींची विधायकों और भाजपा नेताओं की गाड़ी के फोटो लेकर पहुंचे एसपी के पास

**जिला कांग्रेस ने अनाधिकृत तौर पर हूटर वाले वाहनों पर कार्यवाही करने किया आंदोलन**

**पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की**

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 19 दिसम्बर, का. निजी वाहनों पर नियम विरुद्ध लगे हूटर को हटाने के लिए शुक्रवार को जिला कांग्रेस पार्टी द्वारा व्यापक आंदोलन करते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर इस तरह के अनाधिकृत हूटर वाले वाहनों एवं मालिकों पर कार्यवाही की पुरजोर मांग की.

कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह की अगुवाई में जिले भर से आये कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ताओं ने रैली के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया. कार्यकर्ता जिला कार्यालय में एकत्रित हुए यहां से सभी जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया.



### एसपी से कहा, आप कार्यवाही करेंगे तो कांग्रेसियों के फोन नहीं आएंगे

जिला कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने आंदोलन के दौरान सौंपे ज्ञापन में प्रशासन से इस संबंध में उचित कार्यवाही की मांग करते हुए अनाधिकृत हूटर का प्रयोग करने वाले वाहन एवं वाहन मालिक पर कानून अनुसार कार्यवाही करने की मांग की गई है. इस अवसर पर पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, बापू सिंह तंवर सहित जिले भर से आये पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

**परिवहन विभाग कर चुका है आदेश-** ज्ञापन में कहा गया है कि परिवहन विभाग द्वारा समय-समय पर आदेश जारी करते हुए यह उल्लेखित किया गया है कि शासकीय वाहन अथवा लॉ एण्ड ऑर्डर हेतु प्रशासन द्वारा अधिग्रहण किए जाने वाले वाहनों पर ही हूटर का प्रयोग किया जा सकता है, निजी वाहन पर हूटर का प्रयोग दण्डनीय की श्रेणी में आता है, किंतु देखने में आ रहा है कि जिले में कई सत्ताधारी नेता एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने निजी वाहनों पर हूटर लगाकर नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है. खुलेआम हूटर लगाकर उन का प्रयोग किया जा रहा है. कई वाहन तो जिला कलेक्टर कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी हूटर का प्रयोग करते देखे जा सकते है.

### विधायक, भाजपा नेताओं, सरपंच, की गाड़ियों के फोटो दिखाएं

पूर्व ऊर्जा मंत्री और जिला इंकाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खींची अपने साथ बकायदा एक फाईल तैयार कर एसपी के पास पहुंचे और फोटो उलटते हुए उन्होंनें खिलचीपुर और राजगढ़ विधायकों के वाहन, भाजपा नेताओं व प्रतिनिधियों के वाहन, सरपंचों के वाहनों को दिखाते हुए कहा कि इन माननीयों के वाहन आपके कार्यालय तक भी आते हैं लेकिन किसी को नजर नहीं आते. जिला इंकाध्यक्ष ने कहा कि जब सरकार की ओर से और विभाग की ओर से प्रतिबंध है तो इन हूटरों को वाहनों से हटाया क्यों नहीं जा रहा है. वहीं कुछ वाहन ऐसे भी दिखाए जिन पर मप्र शासन लिखा हुआ है और वे वाहन निजी पासिंग होकर निजी नामों से दर्ज है. ऐसे वाहनों पर भी एसपी से कार्यवाही की मांग कांग्रेसजनों ने की है.



# पूर्व विधायक कल्पोनी की क्रेशर मशीन से 3 मोटरें चोरी

## खुजनेर रोड पर वेयर हाऊस के समीप चोरों ने की वारदात

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 19 दिसम्बर, का. खुजनेर रोड पर हर्जीपुरा के यहां वेयर हाऊस के समीप एक क्रेशर मशीन से तीन विद्युत मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है, यह क्रेशर मशीन पूर्व विधायक हेमराज कल्पेनी की है.**

जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक श्री कल्पोनी के क्रेशर मशीन से रात्रि में अज्ञात लोग तीन विद्युत मोटर चोरी कर ले गये. खुजनेर रोड पर हर्जीपुरा के यहां यह क्रेशर मशीन है. पुलिस द्वारा इस मामले में शुक्रवार को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी है. सूत्रो के अनुसार पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों से पूछताछ की है.

### पूर्व में भी हो चुकी है मोटर चोरी

जानकारी के अनुसार क्रेशर मशीन पर लगभग डेढ़ माह पूर्व भी मोटर चोरी होने की घटना हो चुकी है, जिसके आरोपी भी अभी तक गिरफ्तार नहीं हो सके है. पुलिस द्वारा कुछ लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है, जिसमें मोटर चोरी सहित अन्य वारदात को लेकर भी खुलासे हो सकते है.

### विद्यार्थियों को दी मिट्टी परीक्षण की जानकारी

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 19 दिसम्बर, का.** लखनवास स्थित पीएम श्री शासकीय उमावि में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग विकासखंड के द्वारा स्वाईल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी योजना के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया. जिसमें छात्रों को मिट्टी के स्वास्थ्य एवं मृदा परीक्षण की जानकारी दी गई. प्रायोगिक कक्षा में मृदा नमूना एकत्रित कर फसलों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी दी. प्राचार्य केवल सिंह भिलाला द्वारा विद्यार्थियों को खेतो की मिट्टी की जांच के लिए मृदा नमूना एकत्रितकरण कर विद्यालय में जमा करवाने लिए प्रोत्साहित किया.

# खाटूश्याम धाम पर होगा 21 कन्याओं को नि:शुल्क विवाह

## श्री खाटू श्याम मंदिर स्थापना के प्रथम वार्षिक उत्सव पर 30 जनवरी को होगा आयोजन



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 19 दिसम्बर, का. नगर के श्री खाटू श्याम मंदिर में गुरुवार रात्रि को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंदिर समिति के पदाधिकारी, सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.**

बैठक में मंदिर स्थापना के प्रथम वार्षिक उत्सव के आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया. वार्षिक उत्सव के पावन अवसर पर 21 निर्धन परिवारों की कन्याओं का नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया. बैठक में कहा कि श्री खाटू श्याम मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने का माध्यम भी बन रहा है. कहा गया कि समाज में कन्यादान से बड़ा कोई पुण्य नहीं है और इसी भावनात्मक व धार्मिक सोच के साथ यह सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग मिल सके. मंदिर समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी 30 जनवरी को श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा. 29 जनवरी एकादशी पर मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा. भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा बाबा खाटू श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी.

**निशान यात्रा के साथ बारात निकलेगी-** विवाह सम्मेलन के दिन 30 जनवरी को नगर में उत्साह के साथ भव्य निशान यात्रा एवं बारात निकाली जाएगी जो कि प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर पहुंचेगी. जहां विधि-विधान से विवाह संपन्न कराए जाएंगे. विवाह सम्मेलन को सुव्यवस्थित बनाने पंडाल व्यवस्था, भोजन निर्माण एवं वितरण, टेंट एवं लाइट व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा, साज-सज्जा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पर चर्चा की गई.

**19 से 29 दिसम्बर तक होंगे आवेदन-** समिति के अनुसार सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु आवेदन 19 दिसंबर से 29 दिसंबर तक लिए जाएंगे. 30 दिसंबर को आवेदन की जांच उपरांत लॉटरी सिस्टम के माध्यम से विवाह हेतु 21 कन्याओं का चयन किया जाएगा.

### 619 शिक्षकों के प्रथम क्रमोन्नति आदेश जारी

**राजगढ़ 19 दिसम्बर, का.** शासकीय शिक्षक संगठन जिला राजगढ़ द्वारा विगत 16 दिसंबर 2025 को दिए गए ज्ञापन के फल स्वरुप जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय राजगढ़ से 12 वर्ष पूर्ण कर चुके शिक्षक साथियों के 619 शिक्षक साथियों के प्रथम क्रमोन्नति आदेश जारी किए गए हैं.

आदेश जारी होने वाले सभी शिक्षक साथियों को बधाई साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय राजगढ़ का धन्यवाद ज्ञापित किया है. जिला अध्यक्ष राजगढ़ भगवान सिंह राणावत ने बताया कि लंबे समय से प्रकरण लंबित था. इसे लेकर शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है.


# पारा लगातार 5 पर, दिन की धूप से राहत

## दिन में सुनहरी धूप और रात में तुषार, अभी और गिरेगा तापमान

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 19 दिसम्बर, का. जिले में इन दिनों जोर की ठंड का कहर जारी है, शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट भले ही हुई किंतु ठंड का कहर कम नहीं हुआ.**

विगत तीन दिनों से जिले में कड़ाके की ठंड का प्रकोप बना हुआ है. न्यूनतम तापमान 4.4, 4.6 के बाद शुक्रवार को 5 डिग्री पर रहा. तापमान में मामूली बढोत्तरी तो हुई लेकिन ठंड का असर जरा भी कम नहीं हो रहा है. रात होते ही कोहरा छाने लग रहा है जो सुबह तक बना रहता है. ठंड का प्रकोप बढ़ते ही आमजन की परेशानी भी बढ़ गई है. खासकर बीमार, बुजुर्ग एवं छोटे बच्चों के लिए ठंड का प्रकोप दिक्कतों भरा साबित हो रहा है. इनको ठंड से बचाव हेतु चिकित्सकों द्वारा विशेष तौर पर सावधानी रखते हुए सतर्कता बरतने हेतु कहा गया है.



### ग्राम खजूरिया में कलेक्टर ने लगाई पशुपालकों के साथ चौपाल

**राजगढ़ 19 दिसम्बर, का.** दुग्ध समृद्धि योजना अंतर्गत ग्राम खजूरिया में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा स्वयं तबेले पर पहुंचकर पाशुपालकों से प्रत्यक्ष संवाद किया. कलेक्टर को अपने बीच पाकर पाशुपालक काफी उत्साहित नजर आए और उन्होंने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कृत्रिम गर्भाधान, डी-वर्मिंग, दुग्ध उत्पादन की स्थिति, दुधारू पशुओं को दिए जाने वाले आहार, दूध की बिक्री, औसत फैट प्रतिशत तथा सेक्स सॉर्टेड सीमेन के सफलता प्रतिशत की जानकारी ली. उन्होंने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए पाशुपालकों को प्रोत्साहित किया और पशुपालन को लाभकारी बनाने पर जोर दिया. पशुपालकों द्वारा नकली दूध की शिकायत किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आश्वासन दिया कि नकली दूध बनाने और बेचने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी. साथ ही उन्होंने डीडी वेटरनरी को पाशुपालकों को समय पर तकनीकी सहयोग, उपचार और आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. जिले में चल रहे दुग्ध सम्रद्धि संपर्क अभियान 2 के बारे में उपस्थित पशुपालकों से चर्चा की गयी. पशुपालक मुकेश दांगी पिता कन्हैयालाल दांगी के समक्ष सर्वेयर नरेन्द्र चौहान पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी द्वारा अभियान के बारे में किस प्रकार से उनके द्वारा संबंधित पशुपालकों को बताया गया कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा स्वयं के समक्ष प्रस्तुतीकरण लिया गया.

# ब्यावरा की पलक चांडक को हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से डिग्री

## पलक वर्तमान में अमरीका की शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी कंपनी में करती है काम



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 19 दिसम्बर, का.** नगर की होनहार छात्रा पलक चांडक ने अमेरिका के सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय हार्वर्ड से अपनी डिग्री पूरी कर ली है. छात्रा की इस उपलब्धि से हर्ष व्याप्त है. छात्रा नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी दीपक चांडक और विद्या चांडक की बेटी है.

शीतकालीन अवकाश में अपने गृह नगर ब्यावरा आयी पलक चांडक ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से परिवर्तन आ रहे है, ऐसे में हार्वर्ड में जो हमारा मॉड्यूल था, उसमें एआई का भी समावेश था. इससे भविष्य में सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ किस तरह बेहतर परिणाम लाए जाएं, उसका खाका खींचा जाता है.

इसके अलावा शिक्षा सर्व सुलभ हो और वंचित वर्ग को भी इसका लाभ मिले इस संबंध में हमारी समझ को विकसित करने में काफी मदद मिली है.

वर्तमान में छात्रा अमेरिका की ही एक शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी कंपनी में कार्यरत है. छात्रा पलक का कहना है कि वे जल्द ही भारत लौटकर देश में किस तरह शिक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार हो, शिक्षा ज्यादा रोजगार मूलक हो, उस पर उनका विशेष ध्यान रहेगा.

**दुर्दशा** **खलचीपुर में स्थित गौशाला में तीन गायों की मौत होने का मामला**

# गौवंश के शवों को नोंच कर खा रहे कौए और श्वान

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर/ब्यावरा 19 दिसम्बर, सं. नगर में स्थित श्रीकृष्ण गौशाला एक बार फिर चर्चा में है. शुक्रवार को गौशाला में तीन गायों की मौत का मामला सामने आया है, यही नहीं मृत गौवंश की देह को कौए नोंच कर खा रहे थे.**

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह जब गौसेवक गौशाला पहुंचे तो वहां तीन गाय की देह नजर आयी. एक गाय का शव कुत्ते और कौऐ नोंच रहे थे. एक अन्य गाय गौशाला मैदान में गंभीर अवस्था में तड़फ रही थी. आंख से खून बह रहा था और पूंछ के पास पक्षियों ने बुरी तरह नोंच रखा था.

**बीमार गौवंश को रखने वाला कमरा भी असुरक्षित-** गौवंश की खराब स्थिति और सुरक्षा की कमी के चलते कई बार कुत्ते गौशाला में प्रवेश कर बीमार गौवंश तक जा पहुंचते है. अब गौशाला के संचालन पर भी सवाल उठने लगे है. प्रशासन की औरसे अब नोटिस जारी करने तथा समिति भंग करने तक का कदम उठाने के संकेत मिले है.

जानकारी के अनुसार अनेक बार बीमार गौवंश के पास तक कुत्त जा पहुंचकर नुकसान पहुंचाते है. उपचार के दौरान रखे गए गौवंश तक कुत्ते पहुंच जाते है. बीमार गौवंश के लिए बनाया गया पिंजरानुमा कमरा भी सुरक्षित नहीं है. पशु चिकित्सक डॉ. शाक्य का कहना है कि दो दिन पहले भी एक गाय को कुत्ते नोच चुके थे. उनके द्वारा कई बार इसको लेकर अवगत कराया गया किंतु कोई सुधार नहीं आया है. गौशाला अध्यक्ष दिनेश कुमार पंचौली का कहना है कि बाहर से लाकर छोडी बीमार गाय की मौत हुई है.



### गौशाला में 400 से अधिक गौवंश

नगर में स्थित इस गौशाला के रिकार्ड अनुसार यहां 400 से अधिक गाये होना दर्ज है. लेकिन सीमित संसाधन, निगरानी की कमी और सुरक्षा इंतजाम नहीं होने से स्थिति बिगड़ती जा रही है. स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसा पहली बार नहीं है, पूर्व में भी ऐसा मामला सामने आया है.

### नोटिस की तैयारी

बताया जाता है कि गौशाला की व्यवस्थाएं खराब है और पशु विभाग व शासन की गाइडलाइन का पालन नहीं हो रहा है. अब गौशाला प्रबंधन को नोटिस जारी किए जाने की तैयारी की जा रही है. उच्च अधिकारियों से चर्चा कर आगे की कार्रवाई की जाएगी. व्यवस्था नहीं सुधरती है तो गौशाला संचालन समिति को भंग तक करने की कार्रवाई प्रस्तावित की जा सकती है.

# 11 ठिकानों पर दबिश में अवैध शराब जब्त

## हाथ भट्टी और राजस्थानी देशी मदिरा बरामद

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 19 दिसम्बर, सं.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को खिलचीपुर वृत्त प्रभारी अंकित चौहान द्वारा सामुहिक क्षेत्र में गश्त के दौरान वृत्त खिलचीपुर क्षेत्र के सोमवारिया, बरूखेडी, ग्राम अगरिया, देवलिया खेड़ी, बाडगाव, गोपालपुरा, शिवगढ़, सेमली पीपलयाकुलमी, गादिया, माचलपुर आदि संदिग्ध 11 स्थल पर दबिश देकर 85 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 1.8 बल्क लीटर राजस्थानी देशी मदिरा जप्त हुई. बरामद कुल मदिरा का अनुमानित मूल्य 17600 रूपये है. जिसे कार्यवाही कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के 07 आपराधिक प्रकरण कायम किये. उक्त कार्यवाही में ब्यावरा वृत्त प्रभारी दीपक राजपूत एवं आबकारी मुख्य आरक्षक मोहन सिंह यादव मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया.

